दिन– शनिवार दिनांक– 07 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा का एक सौ पांचवां स्थापना दिवस आज। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले जवानों के आश्रितों को गृह जिले में एक एकड़ भूमि उपलब्ध करायेगी।

03. पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की इकतीस साल पुराने एक मामले में हुई गिरफ्तारी। आज अदालत में होगी पेशी।

04. और, भारत ने रिकार्ड छठी बार अंडर–19 विश्व कप का खिताब जीता। बिहार के वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

————————————————

बिहार विधानसभा आज अपना एक सौ पांचवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर विधानसभा में विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी समारोह को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि सौ वर्ष से भी अधिक पुराने बिहार विधानसभा का निर्माण उन्नीस सौ बीस में हुआ था। सात फरवरी उन्नीस सौ इक्कीस को नवनिर्मित भवन में सर वाल्टर मोडे की अध्यक्षता में बिहार–ओडिशा प्रांतीय परिषद यानी आज की विधानसभा की पहली बैठक हुई थी।

————————————————

राज्य सरकार ने बिहार नगरपालिका विधेयक को मंजूरी दी है। चालू बजट सत्र में ही इस विधेयक को विधानमंडल से पारित कराकर कानून बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस विधेयक के अनुसार राज्य के शहरी निकायों की सशक्त स्थायी समिति के सदस्य चुनाव के जरिये चुने जायेंगे। इसके तहत निकाय के सभी सदस्य मतदान करेंगे। कैबिनेट ने एक अन्य फैसले में किसी प्रवासी मजदूर की राज्य या देश के बाहर मृत्यु होने पर उसके पार्थिव शरीर को अपने खर्च पर वापस लाने के प्रस्ताव

को भी मंजूरी दी है। प्रवासी मजदूरों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसके इलाज का पूरा खर्च भी सरकार वहन करेगी। एक अन्य फैसले में सड़क दुर्घटना प्रभावितों के लिए मुआवजे की राशि को भी दोगुना करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। मंत्रिमंडल ने कुल सत्रह प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

——————————————————

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तीन करोड़ सत्त्ताईस लाख से अधिक आवास की मंजूरी दी है। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉक्टर चंद्र शेखर पेम्मासानी ने राज्यसभा में बताया कि इस वर्ष दो फरवरी तक दो करोड़ पंचानवे लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्ष में दो करोड़ दस लाख छियासठ हजार से अधिक मकानों की मंजूरी दी गई है ग्रामीण विकास मंत्रालय पहली अप्रैल, दो हजार सोलह से प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका लक्ष्य मार्च दो हजार उनतीस तक चार करोड़ पंचानवे लाख मकानों का निर्माण करना है।

——————————————————

राज्य सरकार बलिदानी सैनिकों के आश्रितों को एक एकड़ जमीन देगी। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि नई बंदोबस्ती प्रक्रिया के तहत युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले जवानों के आश्रितों को उनके गृह जिले में एक एकड़ या आवासीय उपयोग के लिए पांच डिसमील सरकारी भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। विभागीय सचिव जय सिंह ने इस संबंध में दिशा—निर्देश जारी कर दिये हैं।

——————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि चतुर्थ चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत चालीस हजार पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किये जायेंगे। श्री कुमार ने विधानमंडल परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

———बाइट———

——————————————————

गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा है कि प्रदेश में उच्च्व गुणवत्ता वाले गुड़ का उत्पादन के लिए गन्ना अनुसंधान संस्थान केन्द्र पूसा को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए पांच करोड़ उनहत्तर लाख पैंसठ हजार रूपये की स्वीकृति दी गयी है। उन्होंने कहा कि गुड़ उत्पादन के क्षेत्र में बिहार को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।

———————————————————

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जनवितरण प्रणाली के राशन कार्ड धारियों का ई–केवाईसी अट्ठाईस फरवरी तक कराने का निर्देश दिया है। विभाग ने लाभुकों से निर्धारित तिथि तक केवाईसी करवाने को अपील की है। इसके लिए जनवितरण प्रणाली के दुकानों पर ही निःशुल्क बायोमेट्रिक सत्यापन किया जा रहा है।

———————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एन.आई.ए. ने बिहार में उच्च गुणवत्ता वाले नकली भारतीय करेंसी नोट की ज़ब्ती के सिलसिले में हैदराबाद निवासी मोहम्मद फसी उद्दीन के खिलाफ आरोप–पत्र दायर किया है, जिससे पाकिस्तान और नेपाल के ज़रिए चलने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नकली करेंसी रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। मोहम्मद फसी उद्दीन वर्ष दो हजार चौबीस के उस मामले में आरोपित किया गया पांचवां आरोपी है, जिसमें पूर्वी चंपारण ज़िले के बंजरिया से नकली मुद्रा बरामद की गई थी। आरोप है कि उसने क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल करके एक पाकिस्तानी नागरिक को भुगतान किया था।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने शहरों में बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव राय की एकलपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक और सभी थाना प्रभारियों को जिम्मेवारी सौंपी है। न्यायालय ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण की शिकायत डायल एक सौ बारह पर की जा सकती है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में एक हजार दो सौ चौबीस नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————

पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को पटना पुलिस ने इकतीस साल पुराने एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पप्पू यादव की गिरफ्तारी एमपीएमएलए कोर्ट के आदेश पर की गयी है। कोर्ट के समन के बावजूद उपस्थित नहीं होने के कारण उनके खिलाफ वारंट जारी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सांसद ने एक किराये पर मकान लिया था, बाद में

धोखाधडी से इस मकान को कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पप्पू यादव की कोर्ट में पेशी होगी।

———————————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने हर घर नल जल योजना में लापरवाही बरतने के आरोप में दो कार्यपालक अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। निलंबित अभियंताओं में अमित कुमार और मोहम्मद अख्तर शामिल हैं। विभाग ने जलापूर्ति योजना के संचालन और निगरानी में मानकों के अनुरूप प्रगति नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की है।

———————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। इससे सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद एक बार फिर एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

———बाइट———

———————————————————————

भारत ने रिकार्ड छठी बार अंडर–19 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। जिम्बाब्वे में हुए फाइनल में, भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हराया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी के एक सौ पचहत्तर रन की बदौलत निर्धारित पचास ओवर में चार सौ ग्यारह रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में, इंग्लैंड की टीम चालीस ओवर और दो गेंद में तीन सौ ग्यारह रन पर सिमट गई। यह अंडर–19 विश्व कप फाइनल में अब तक की सबसे बड़े अंतर वाली जीत भी है। वैभव को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। एक रिपोर्ट ..

———रिपोर्ट———

———————————————————————

भारतीय टीम के रिकॉर्ड छठी बार अंडर–19 आईसीसी विश्व कप जीतने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में, टीम को पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहने पर बधाई दी। उप–राष्ट्रपति ने फाइनल में वैभव सूर्यवंशी की दमदार पारी की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के असाधारण कौशल और प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह जीत युवा खिलाड़ियों को

प्रेरित करेगी। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने इस जीत पर वैभव सूर्यवंशी को बधाई देते हुये कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट टीम की नई उम्मीद बन गये हैं।

——————————————————

आईसीसी टी–20 विश्वकप टूर्नामेंट आज से शुरु हो रहा है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट आठ मार्च तक चलेगा। प्रतियोगिता में बीस टीम पचपन मैच खेलेंगी।

आज पहले दिन तीन मैच खेले जाने हैं। पहला मैच कोलंबो में  पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह ग्यारह बजे शुरू होगा।

दूसरा मैच वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के बीच कोलकाता में दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा।

तीसरे मैच में मौजूदा चौंपियन भारत, अमरीका के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मुकाबला शाम सात बजे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा।

टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के बाद सुपर–आठ और नॉक–आउट राउंड रखे गए हैं।

——————————————————

मुंगेर पुलिस ने ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र से अपहरण के मामले में उत्पाद विभाग के एक जवान को गिरफ्तार किया है।

——————————————————

नालंदा जिले के राजगीर स्थित जैन धर्मशाला में चार तीर्थयात्रियों की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मौके से दो पुरुष और दो महिलाओं के शव बरामद किये गये हैं।

——————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भारतीय क्रिकेट टीम को अंडर–19 विश्व कप का खिताब जीतने से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– छठी बार अंडर–19 का खिताब कब्जाया, सूर्यवंशी बने हीरो। वैभव की बेमिसाल पारी से भारत विश्व चैंपियन।

दैनिक जागरण लिखता है– अब टी–ट्वेंटी विश्व कप में रचेंगे इतिहास। आज अमेरिका के विरूद्ध टी–ट्वेंटी विश्व कप अभियान की शुरूआत करेंगी सूर्य कुमार की अगुआई में भारतीय टीम।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है–रिजर्व बैंक ने कहा, महंगाई नियंत्रण में रहने और यूएस ट्रेड डील के संकेत सकारात्मक। आरबीआई ने रेपो दर नहीं बदली। अखबार लिखता है ईएमआई उतनी ही रहेगी।

प्रभात खबर लिखता है– कई राज्यों में सोना लूटकांड के आरोपी प्रिंस को घर में घेर करकिया एनकाउंटर। हाजीपुर में हुई कार्रवाई।

आज अखबार का शीर्षक है– प्रभावी श्रमिकों का मुआवजा दोगुना।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा का एक सौ पांचवां स्थापना दिवस आज। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले जवानों के आश्रितों को गृह जिले में एक एकड़ भूमि उपलब्ध करायेगी।

03. पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की इकतीस साल पुराने एक मामले में हुई गिरफ्तारी। आज अदालत में होगी पेशी।

04. और, भारत ने रिकार्ड छठी बार अंडर–19 विश्व कप का खिताब जीता। बिहार के वैभव सूर्यवंशी को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।